# बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 27.04.2022 को अपरान्ह 12.30 बजे ककोर मुख्यालय, औरैया में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित सदस्यों/अधिकारी/कर्मचारियों की सूची संलग्न है। बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गयीं।

एजेंडा बिंदुः–

1. जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा।
2. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत तैयार की गयी डी0पी0आर0 की स्थिति।
3. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अद्यतन तक तैयार डी0पी0आर0 का अनुमोदन।
4. अन्य बिंदु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

<u>एजेंडा बिंदु संख्या 01:–</u>

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व में की गयी बैठक में दिये गये निर्देशों के बारे में समीक्षा की गयी एवं उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गयी। अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया, कि:–

<u>जल जीवन मिशन (फेज–1)</u> के अन्तर्गत जनद के ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व निर्मित 45 नग योजनाओं में जो 35 नग योजनायें आंशिक क्षमता पर चालू थीं, उनमें रेट्रोफिटिंग के कार्य कराये जा रहे हैं, जिन्हें आगामी 100 दिवस में पूर्ण किया जाना है तथा 08 नग योजनायें जो बंद हैं, फेज–2 में पेयजल पुनर्गठन योजनाओं के प्राक्कलन तैयार किये जा चुके हैं। जिनमें से 04 योजनाओं की स्वीकृति एस.एल.एस.एस.सी. से प्राप्त हो चुकी है, तथा शेष 04 नग की जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से स्वीकृत उपरान्त अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित किया जाना है।

<u>जल जीवन मिशन (फेज–2)</u> के अन्तर्गत जनपद औरैया के 150 नग राजस्व ग्रामों में पाइप पेयजल योजना बनाये जाने का लक्ष्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा निर्धारित किया गया, जिस हेतु मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप प्रा0लि0 आन्ध्र प्रदेश को नामित किया गया है। उक्त नामित फर्म द्वारा अद्यतन तक 150 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 150 नग राजस्व ग्रामों की प्राक्कलन तैयार कर ली गयी है, जिसमें 77 नग डी0पी0आर0 (114 नग राजस्व ग्राम) (दिनांक 30.06.2021 को 24 डीपीआर, दि0 27.07.2021 को 23 डीपीआर एवं दि0 14.12.2021 को 30 डीपीआर) की स्वीकृति राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से प्राप्त हो चुकी है। शेष 37



Scanned with OKEN Scanner

नग राजस्व ग्रामों की डीपीआर तैयार कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में प्रस्तुत है। स्वीकृत 77 नग प्राक्कलनों के सापेक्ष वर्तमान तक फर्म द्वारा मात्र 62 नग योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबंध ही तैयार किये गये हैं। 62 नग पाइप पेयजल योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबंध तैयार कर फर्म द्वारा मात्र 15 नग नई पाइप पेयजल योजनाओं पर ही कार्य प्रारम्भ किया गया है। फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी है, जिस हेतु इस खण्ड द्वारा पूर्व में भी मौखिक एवं विभिन्न पत्रों द्वारा कार्यों की प्रगति सुधारने हेतु निर्देशित किया गया एवं जिलाधिकारी महोदय के पत्रांक संख्या 614/एम–5/44 दिनांक 02.09.2021 एवं 988/डब्ल्यू–27/519 दिनांक 30.11.2021 द्वारा निर्देशित किया जा चुका है, परन्तु कार्यों की प्रगति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है। इस हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया, कि स्वीकृत शेष समस्त योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबंध शीघ्र तैयार करायें एवं समस्त योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें एवं कार्यों का गुणवत्तापूर्वक समयान्तर्गत पूर्ण करायें।

<u>जल जीवन मिशन (फेज–3)</u> के अन्तर्गत जनपद औरैया के शेष 575 नग राजस्व ग्रामों में पाइप पेयजल योजना के प्राक्कलन एवं स्वीकृत उपरान्त निर्माण कार्य हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 3577/डब्ल्यू–25 (कानपुर)/2021–22 दिनांक 07.01.2022 द्वारा फर्म मै0 जी0वी0पी0आर0 हैदराबाद को नामित किया गया है।

**एजेंडा बिंदु संख्या 02:–**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया, कि फर्म द्वारा शेष 37 नग राजस्व ग्रामों की डीपीआर तैयार कर एवं जनपद के शेष 575 राजस्व ग्रामों में पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु राजस्व ग्रामों की सूची जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष स्वीकृत/अनुमोदन हेतु प्रेषित की गयी हैं **(सूची संलग्न 1 एवं 2)**।

**एजेंडा बिंदु संख्या 03:–**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जल निगम द्वारा 20 नग प्राक्कलन (सम्मिलित 37 नग राजस्व ग्राम) जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में स्वीकृति हेतु प्रेषित की गयी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र.सं. | विकास खण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलन की अनुमानित लागत | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | औरैया | खरका | 265.82 | |
| 2 | औरैया | सलेमपुर नवरसिह | 199.68 | |
| 3 | औरैया | चौकी | 223.39 | |
| 4 | औरैया | भड़ारीपुर | 204.15 | |
| 5 | स्हार | मन्योड़ा | 244.08 | |
| 6 | एरवाकटरा | फैजुल्लापुर | 217.53 | |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | एरवाकटरा | रघुनाथपुर | 266.70 | |
| 8 | औरैया | माल्हेपुर | 234.37 | |
| 9 | अजीतमल | सतेहड़ी | 180.71 | |
| 10 | औरैया | हसुलिया | 175.76 | |
| 11 | स्हार | बरूफफूँद | 197.27 | |
| 12 | औरैया | रूदौली | 172.65 | |
| 13 | भाग्यनगर | दसरौरा | 135.37 | |
| 14 | औरैया | नसीराबाद | 356.29 | |
| 15 | भाग्यनगर | तरई | 247.01 | |
| 16 | औरैया | भासौन | 446.90 | |
| 17 | औरैया | पुरूषोत्तमपुर | 222.73 | |
| 18 | औरैया | सुन्दरीपुर | 243.19 | |
| 19 | औरैया | जसवंतपुर | 222.20 | |
| 20 | बिधूना | बरूकुलासर | 240.61 | |

उक्त 20 नग प्राक्कलन जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विस्तृत विचार विमर्श एवं स्वीकृत उपरान्त अनुमोदन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रेषित किये जाने की सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गयी एवं जनपद औरैया के शेष 575 नग राजस्व ग्रामों की सूची जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त कियान्वयन हेतु स्वीकृत की गयी।

<u>अन्य बिंदु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से:-</u>

जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत चयनित दोनों इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी (आई. एस.ए.) द्वारा योजनाओं के कियान्वयन में सहयोग एवं सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा पानी समिति (VWSC) व विलेज एक्शन प्लान के बारे में समीक्षा की गयी। जिसमें जिलाधिकारी महोदय द्वारा दोनों आई0एस0ए0 संस्थाओं को कड़े शब्दों में निर्देशित किया गया, कि जिन कार्यों/दायित्वों हेतु आपका अनुबंध/चयन हुआ है, के कार्यों को पूर्ण ईमानदारी एवं लगन के साथ पूर्ण करते हुये किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये एवं शासन की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल लाभ लेने हेतु जागरूक करते हुये किये गये कार्यों का रजिस्टर/फोटोग्राफ्स आदि तैयार करते हुये अधिशासी अभियन्ता जल निगम के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी को अवगत करायें, ताकि आप द्वारा किये जा रहे कार्यों का सत्यापन कराया जा सके।

जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कार्यों के अनुश्रवण हेतु डी0पी0एम0यू0 (M/s Medhaj Techno Concept) एवं थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन हेतु बीएलजी को निर्देशित किया गया, कि ग्रामित एजेंसियों द्वारा किये गये कार्यों की गुणवत्ता/प्रगति की निगरानी करते हुये किये जा रहे

Scanned with OKEN Scanner

कार्यों का विस्तृत विवरण अधिशासी अभियन्ता जल निगम के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें।

जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कार्यों हेतु नामित एजेंसी द इण्डियन ह्यूम पाइप क0लि0 को निर्देशित किया गया, कि अनुबंध में दी गयी शर्तों के अधीन गुणवत्तापूर्ण करते हुये दिये गये लक्ष्यों को समयान्तर्गत पूर्ण करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिसके लिये आप स्वयं उत्तरादायी होंगे।

सधन्यववाद मीटिंग समाप्त हुई।

27.04.22

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
औरैया

पत्रांक 355 / W-27 / 302 दिनांक: 6-5-22

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, औरैया को सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिला विकास अधिकारी, औरैया।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, औरैया।
4. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, औरैया।
5. अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग, औरैया।
6. अधिशासी अभियन्ता वि0/यां0 खण्ड उ0प्र0 जल निगम, इटावा।
7. जिला पंचायत राज अधिकारी, औरैया।
8. द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) हाउस नं0 6–3–323, रामनगर, अनन्तपुरम, आ. प्रदेश।
9. जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत चयनित इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी (आई.एस.ए.) कृषि एवं शिक्षक प्रबन्धन संस्थान तथा ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
औरैया



Scanned with OKEN Scanner